दिनांक 6 मार्च 2021

पूरे मार्च माह में अवकाश के दिन खुला रहेगा संपत्तिकर जमा करने के लिए काउंटर

-ऑनलाइन भी जमा कर सकते हैं टैक्स

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के करदाताओ को सुविधा देने के लिए शासकीय अवकाश के दिनों में भी संपत्तिकर जमा करने के लिए काउंटर पूरे मार्च माह में खुला रहेगा! केवल होली अवकाश के दिन ही काउंटर बंद रहेगा! पिछले रविवार अवकाश को काउंटर खुला रखा गया था जिसमें कई लोगों ने अपना टैक्स जमा किया है! कई दफा करदाताओं को कार्य दिवस के दौरान संपत्तिकर जमा करने के लिए पृथक से समय निकालना पड़ता है, कार्य दिवस के दौरान कई कार्यालयीन व्यस्तता के कारण संपत्तिकर के काउंटर पहुंच भी नहीं पाते है! अब ऐसे करदाता अवकाश के दिन अपना संपत्तिकर एवं अन्य टैक्स जमा कर पाएंगे! रविवार एवं अन्य अवकाश के दिनों में निगम मुख्य कार्यालय के अलावा जोन क्रमांक एक नेहरू नगर कार्यालय , जोन क्रमांक 2 वैशाली नगर कार्यालय , जोन क्रमांक 3 मदर टैरेसा नगर कार्यालय एवं जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर कार्यालय पहुंचकर भी टैक्स जमा किया जा सकता है! निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने लक्ष्य के विरुद्ध शत-प्रतिशत टैक्स वसूली के निर्देश दिए हुए हैं! टैक्स वसूली पूर्ण करने को लेकर निगम आयुक्त लगातार अधिकारियों को निर्देशित कर रहे है! बकायेदारों पर वसूली के लिए सख्ती से कार्रवाई की जा रही है! वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए टैक्स वसूली के लिए निगम भिलाई द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है! मार्च माह की अंतिम तारीख के पूर्व संपत्ति कर जमा करने मुनादी के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है! मार्च माह के बाद टैक्स जमा करने वाले करदाताओं को देना होगा 18% अधिभार वित्तीय वर्ष के माह की अंतिम तारीख तक टैक्स जमा करने वालों को अधिभार नहीं देना होगा!

जनसंपर्क अधिकारी